वर्ष 25 अंक 80
पृष्ठ 22+4=26
बरेली, रविवार
1 दिसंबर 2013
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस के छात्रों ने जाना शून्य का महत्व

बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में चल रहे इन्सपायर इंटर्नशिप-2013 में शनिवार को पांच दिवसीय शिविर के चौथे दिन छात्रों ने शून्य का महत्व जाना। गाजियाबाद के एमएमएच कॉलेज से आए डॉ.नागेंद्र कुमार ने गणित के विकास में भारतीय गणितज्ञों जैसे आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, भाष्कर आदि से परिचय कराया। उन्होंने प्लाज्मा भौतिकी के क्षेत्र में शोध विषय पर भी प्रकाश डाला। वहीं दूसरे सत्र में कानपुर आइआइटी के गणित विभाग के चेयरमैन प्रो.प्रबल सिन्हा ने छात्रों को साइबर सुरक्षा, डीएनए, जीन मैपिंग और मौसम परिवर्तन में गणित के महत्व को समझाया। इस मौके पर सुभाष मेहरा, डॉ.प्रभाकर गुप्ता, डॉ.जेएन साहू, डॉ.एम मुस्तकीम, रतीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।